रजिस्टर्ड सं. डी-(डी एन)-128/89

REGISTERED No. D—(DN)—128/89

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 49] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 9, 1989 (अग्रहायण 18, 1911)

No. 49] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 9, 1989 (AGRAHAYANA 18, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों, संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं .	799
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	1245
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	1583
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	—
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	—
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल हैं) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	—
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . .	—
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . .	1107
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	1169
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1459
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . . .	175
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाली अनुपूरक .	

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

1—361GI/89

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	799
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1245
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments promotions. Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	393
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye- laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1107
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	1169
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1459
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	175
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I--SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 नवम्बर 1989

सं० 83—प्रेज/89—राष्ट्रपति जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अब्दुल रशीद,
कान्स्टेबल संख्या 2445/एस,
(अब उप-निरीक्षक),
जिला श्रीनगर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

17/18 सितम्बर, 1988 को मध्यरात्रि को, जब श्री अब्दुल रशीद, कान्स्टेबल कश्मीर के उप महानिरीक्षक श्री ए० एम० वातली के निवास पर गार्ड ड्यूटी कर रहे थे तो गेट से घुसकर एक घुसपैठिया उनके पास आया और उससे पूछा कि क्या श्री वातली घर पर हैं, अथवा नहीं, क्योंकि वह उनसे मिलना चाहता था। कान्स्टेबल अब्दुल रशीद ने घुसपैठिए को बताया कि यह समय उपमहानिरीक्षक से मिलने का नहीं है। यह सुनने पर घुसपैठिए ने तत्काल अपनी चद्दर के नीचे छुपाई हुई गन निकाली और कान्स्टेबल की तरफ तान कर उसे "हाथ ऊपर" खड़े करने का हुक्म दिया। कान्स्टेबल अब्दुल रशीद ने यह दिखावा करते हुए कि वह घुसपैठिये का आदेश मान रहा है, उच्चकोटि की सूझबूझ का परिचय दिया और गन की नाल को पकड़ा और उसके साथ भिड़ते हुए, नाल को जमीन की तरफ मोड़ दिया। इसी बीच एक दूसरे घुसपैठिए ने जो कुछ ऊंचाई पर पहले घुसपैठिए की सहायतार्थ बैठा था, कान्स्टेबल पर गोली चलाई जो कान्स्टेबल की जांघ पर लगी और वह गिर पड़ा। इसके बावजूद उसने घुसपैठिए और गन पर अपनी पकड़ ढीली नहीं की और उसी गन की नाल को घुसपैठिए की तरफ मोड़ने की कोशिश की और गोली चलाई जो घुसपैठिए की दाहिनी कलाई पर लगी। इसी बीच इस घुसपैठिए की सहायता के लिए बैठा उसका दूसरा साथी बीच-बीच में गोलियां चलाता गया जिसके परिणामस्वरूप पहले घुसपैठिए की दाहिनी भुजा पर अनेक गोलियां लगी और एक गोली पीठ पर लगी जिसके परिणामस्वरूप वह गम्भीर रूप से जख्मी होकर गिर गया।

गोली की आवाज और कान्स्टेबल अब्दुल रशीद की चिल्लाने की आवाजें सुनकर गार्ड दल के कुछ सदस्य और अर्दली जो कमरे में थे, चौकन्ने हो गए। वे बाहर आए और घुसपैठियों को ललकारा जो गोली चलाते हुए भाग खड़े हुए और अंधेरे में लापता हो गए। जख्मी घुसपैठिए और कान्स्टेबल रशीद को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां जख्मी घुसपैठिए की शिनाख्त एजाज अहमद डार के रूप में की गई जो पुलिस रिकार्ड में मुस्लिम यूनाईटेड फ्रंट का एक कुख्यात सक्रिय कार्यकर्ता था। बाद में जख्मी घुसपैठिए की अस्पताल में मृत्यु हो गई।

इस मुठभेड़ में श्री अब्दुल रशीद कान्स्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 सितम्बर, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 84-प्रेज/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री आर० पी० गौतम,
सहायक कमान्डेन्ट,
24 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

23 अक्तूबर, 1987 को दिन के लगभग 2/30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि खूंखार आतंकवादी बलकार सिंह अपने साथियों समेत पुलिस थाना लोपोक के अंतर्गत गांव कोलोवाल में एक फार्म हाऊस में मौजूद हैं और एक स्थानीय अल्पसंख्यक क्षेत्र में बहुत बड़ा हमला करने की योजना बना रहा है। श्री आर० पी० गौतम, सहायक कमान्डेन्ट, 24 वी बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बल के अन्य कार्मिकों के साथ दो जीपों में आतंकवादियों के छिपने के स्थान पर छापा मारने तथा उन्हें पकड़ने के लिए रवाना हुए। रास्ते में श्री गौतम ने वायरलैस द्वारा थाना लोपोक तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चोगावन स्थित चौकी को और पुलिस कार्मिकों की व्यवस्था करने के लिए सतर्क किया ताकि आतंकवादियों के बचकर भागने के सभी संभव मार्गों को बंद किया जा सके।

हैड कान्स्टेबल इन्दर राज सिंह, 24वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को अपनी टुकड़ी को ख्याला गांव से होते हुए ले जाने और कोलोवाल गांव से आतंकवादी मेजर सिंह के फार्म हाऊस के पिछवाड़े को घेरने का निदेश दिया गया। लगभग शाम 4 बजे फार्म हाऊस के पिछवाड़े को पूरी तरह घेर लिया गया और इस संबंध में श्री आर० पी० गौतम को पक्की खबर भेज दी गई जो अपने बल समेत वहां पहुंच गए थे और संकेत का इन्तजार कर रहे थे।

श्री गौतम के नेतृत्व वाले छापामार दल के नजदीक पहुंचने पर फार्म हाऊस में कुछ हलचल देखी गई। छापामार दल तेजी से मकान की तरफ गया लेकिन उन्होंने वहां पाया कि आतंकवादी खड़ी फसल में से होकर भागकर निकल गए। श्री गौतम ने घेरा बल को सतर्क किया और अपने आदमियों को एक विस्तृत लाइन बनाने और खड़ी फसल में से आगे बढ़ने का आदेश दिया। छापामार बल के निकट पहुंचने पर आतंकवादियों ने भिन्न-भिन्न दिशाओं में गोलियां चला दी। पुलिस बल ने तुरन्त

स्थिति संभाली और जवाब में गोली चलाई। गोलियां चलाए जाने पर तीन आतंकवादियों में से दो ने अपने स्थान को छोड़ दिया परन्तु तीसरा आतंकवादी गोलियां चलाता रहा। श्री गौतम उसे घेरने की दृष्टि से भारी गोलाबारी के बीच धान की फसल में से अपनी बायीं ओर रेंगकर एक वाटरपम्प हाऊस में पहुंचे। इसी दौरान श्री इन्दर राज सिंह, हैड कान्स्टेबल ने देखा कि सहायक कमाण्डेन्ट अकातैदी के निकट पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। अन्य दो आतंकवादियों ने उनको बढ़ते हुए देखा और उन पर भारी गोलाबारी की। श्री गौतम को इस खतरनाक स्थिति से निकालने के उद्देश्य से, जो पूरी तरह जख्मी हो गए थे, हैड कान्स्टेबल इन्दर राज सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना एक पेड़ के पीछे मोर्चा सम्भाल कर दोनों आतंकवादियों को व्यस्त रखा। और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर किया। श्री गौतम आतंकवादी की पिस्तौल में भरी हुई सभी गोलियों के खत्म होने तक रुके रहे। जैसे ही आतंकवादी ने पिस्तौल को दुबारा भरने के लिए मैगजीन निकाली, श्री गौतम बिजली की भांति आतंकवादी की तरफ बढ़े और उसे दबोच लिया। इसके बाद उस युवा तथा खतरनाक हत्यारे के साथ उनकी भयानक हाथापाई हुई। इस हाथापाई के दौरान श्री गौतम ने उसके ऊरु मूल (ग्रोइन) में अपने घुटने से वार किया और उसे जमीन पर गिरा दिया। इससे पहले कि आतंकवादी निशस्त्र हो जाता, उसने अचानक अपना सन्तुलन बनाया और श्री गौतम को काबू करने और उनसे हथियार छीनने का जबरदस्त प्रयास किया परन्तु श्री गौतम से तीव्र प्रतिक्रिया करते हुए अपने स्टैनगन से गोलियों की बौछार कर दी और आतंकवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया। तथापि, दो अन्य आतंकवादी धान के खेतों में से भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री आर० पी० गौतम, सहायक कमांडैन्ट, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 अक्तूबर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 85-प्रेज/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री इन्दर राज सिंह,
हैड कान्स्टेबल संख्या 600100154,
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

23 अक्तूबर, 1987 को दिन के लगभग 2.30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि खूंखार आतंकवादी बलकार सिंह अपने साथियों समेत पुलिस थाना लोपोक के अन्तर्गत गांव कोलोवाल में एक फार्म हाऊस में मौजूद है और एक स्थानीय अल्पसंख्यक क्षेत्र में बहुत बड़ा हमला करने की योजना बना रहा है। श्री आर० पी० गौतम, सहायक कमान्डेन्ट, 24वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बल के अन्य कार्मिकों के साथ दो जीपों में आतंकवादियों के छिपने के स्थान पर छापा मारा तथा उन्हें पकड़ने के लिए रवाना हुए। रास्ते में श्री गौतम ने वायरलेस द्वारा थाना लोपोक तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकीवान स्थित चौकी को और पुलिस कार्मिकों की व्यवस्था करने के लिए सतर्क किया ताकि आतंकवादियों के बचकर भागने के सभी संभव मार्गों को बंद किया जा सके।

हैड कांस्टेबल इन्दर राज सिंह, 24वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को अपनी टुकड़ी को ख्याला गांव से होते हुए ले जाने और कोलोवाल गांव में आतंकवादी मेजर सिंह के फार्म हाऊस के पिछवाड़े को घेरने का निर्देश दिया गया। शाम के लगभग 4 बजे फार्म हाऊस के पिछवाड़े को पूरी तरह घेर लिया गया और इस संबंध में श्री आर० पी० गौतम को पक्की खबर भेज दी गई जो अपने बल समेत वहां पहुंच गए थे और संकेत का इन्तजार कर रहे थे।

श्री गौतम के नेतृत्व वाले छापामार बल के नजदीक पहुंचने पर फार्म हाऊस में कुछ हलचल देखी गई। छापामार बल तेजी से मकान की तरफ गया लेकिन उन्होंने वहां पाया कि आतंकवादी खड़ी फसल में से हो कर भागकर निकल गए। श्री गौतम ने घेरा दल को सतर्क किया और अपने आदमियों को एक विस्तृत लाइन बनाने और खड़ी फसल में से आगे बढ़ने का आदेश दिया। छापामार दल के निकट पहुंचने पर आतंकवादियों ने तीन भिन्न-भिन्न दिशाओं में गोलियां चला दी। पुलिस दल ने तुरन्त स्थिति संभाली और जवाब में गोली चलाई। गोलियां चलाए जाने पर तीन आतंकवादियों में से दो ने अपने स्थान को छोड़ दिया परन्तु तीसरा आतंकवादी गोलियां चलाता रहा। श्री गौतम उसे घेरने की दृष्टि से भारी गोलीबारी के बीच धान की फसल में से अपनी बायीं ओर रेंगकर एक वाटरपम्प हाऊस में पहुंचे। इसी दौरान श्री इन्दर राज सिंह हैड कान्स्टेबल ने देखा कि सहायक कमाण्डेन्ट आतंकवादी के निकट पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। अन्य दो आतंकवादियों ने उनको बढ़ते हुए देखा और उन पर भारी गोलाबारी की। श्री गौतम को इस खतरनाक स्थिति से निकालने के उद्देश्य से, जो पूरी तरह जख्मी हो गए थे, हैड कान्स्टेबल इन्दर राज सिंह ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना एक पेड़ के पीछे मोर्चा सम्भाल कर दोनों आतंकवादियों को व्यस्त रखा और पीछे हटने पर मजबूर किया। ऐसा करके उन्होंने श्री गौतम की जान ही नहीं बचायी बल्कि उन्हें खूंखार आतंकवादी के नजदीक पहुंचने और उसे मार गिराने में उनकी सहायता की। तथापि, दो अन्य आतंकवादी धान के खेतों में से भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री इन्दर राज सिंह, हैड कान्स्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 अक्तूबर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 86-प्रेज/89—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री ए० जी० पाथर, (मरणोपरान्त)
हैड कान्स्टेबल सं० 680291233,
44वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री के० हजारिका,
कान्स्टेबल संख्या 821152128,
44वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

8 जून, 1988 को रात्रि के करीब 11.25 बजे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 44वीं बटालियन की ग्राम थाण्डे में तैनात एक टुकड़ी पर तीन दिशाओं से भारी आक्रमण हुआ। चौकी से करीब 150 गज की दूरी पर एक मकान की छत के ऊपर स्थान से 6-9 आतंकवादियों ने राकेटों से हमला किया। इनमें से एक राकेट कमरे के रोशनदान को

भेदता हुआ अन्दर वाली सामने की दीवार से टकरा कर फट गया। जिससे छत पर में उपस्थित सभी लोग घायल हो गए। राकेटों के बाद स्वचालित हथियारों से हमला किया गया। राकेट के छर्रों से हैड कान्स्टेबल श्री ए० जी० पाथर बुरी तरह घायल हो गए परन्तु घावों और निजी सुरक्षा की चिंता किए बिना वे क्रियाशील हुए और अपने जवानों को जवाब में गोली चलाने का आदेश दिया। उन्होंने कुमुक हेतु अपने कम्पनी मुख्यालय को भी सूचित किया तथा स्वयं स्थिति संभाल कर आतंकवादियों पर गोली चलायी। वे बुरी तरह से घायल हो गए थे और घायल होने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया।

संतरी की ड्यूटी पर तैनात कान्स्टेबल के० हजारिका ने गोली चलाते हुए, आतंकवादियों को रोके रखा किन्तु राकेट से निकले छर्रों से उनके सिर में गहरा घाव हो गया। वे इससे विचलित नहीं हुए और वे आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे। उनके द्वारा की गई निरन्तर और कारगर गोलीबारी से आतंकवादी हताश हो गए और अन्तत. भागने पर मजबूर हो गए। आतंकवादियों ने दो प्रयोजनों के साथ हमले की योजना बनायी थी उनमें से एक बड़े ध्यानपूर्वक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी को वहां से हटा कर उनके हथियारों को कब्जे में लेना और दूसरा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का संरक्षण प्राप्त सुखदेव सिंह के परिवार की हत्या करना। कान्स्टेबल हजारिका, जो बुरी तरह घायल हो गए थे, अपनी सन्तरी चौकी के निकट बेहोश होकर गिर गए, कुमुक दल द्वारा उन्हें अमृतसर के एम० जी० आई० बी० अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें विशेष विमान द्वारा पी० जी० आई० अस्पताल, चण्डीगढ़ ले जाया गया, जहां उनका आप्रेशन करके उनके मस्तिष्क से चार छर्रे निकाले गए।

इस मुठभेड़ में श्री ए० जी० पाथर, हैड कान्स्टेबल और श्री के० हजारिका, कान्स्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8 जून, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 87-प्रेज/89—राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान कर करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री राम कुमार,
पुलिस उप-अधीक्षक,
उग्रवादी विरोधी सैल,
सी० आई० डी०,
जिला हिसार।

श्री राजपाल सिंह,
पुलिस निरीक्षक (अब पुलिस उप-अधीक्षक)
सी०आई०ए०,
जिला हिसार।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

9 नवम्बर, 1987 को सूचना मिली कि अत्याधुनिक स्वचालित हथियारों से लैस सशस्त्र आतंकवादियों का एक दल बाजीगर बस्ती, मोगा, जिला फरीदकोट, पंजाब में छिपा हुआ है। छिपने के स्थान पर छापा मारने के लिए 52 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों सहित श्री राम कुमार, पुलिस अधीक्षक और श्री राजपाल सिंह, पुलिस निरीक्षक (अब पुलिस उप-अधीक्षक) 10 नवम्बर, 1987 को मोगा पहुंचे। मोगा पहुंचने पर उन्हें सूचना मिली कि आतंकवादी अगली सुबह लगभग 4 बजे अपने छिपने के स्थान को छोड़कर किसी अन्य स्थान को रवाना हो जायेंगे। सर्वश्री राम कुमार और राजपाल सिंह ने छिपने के स्थान पर अर्द्ध-रात्रि को छापा मारने का निश्चय किया ताकि आतंकवादी बचकर न भाग सकें। तथापि, मोगा की स्थानीय पुलिस ने छापामार दल को सचेत करते हुए यह बता दिया था कि रात के अंधेरे में छापा मारने से वे अवश्य ही खतरे में पड़ सकते हैं, क्योंकि यह आतंकवादी-ग्रस्त क्षेत्र है। श्री राजकुमार के नेतृत्व वाले पुलिस दल ने 14 फुट ऊंची दीवार पार की और प्रांगण में मोर्चा संभाला, जब कि निरीक्षक राजपाल सिंह वाले दूसरे दल ने छिपने के स्थान के मुख्य दरवाजे को तोड़ दिया। दोनों दलों ने आतंकवादियों का सफाया करने के लिए उनकी ओर बढ़ना शुरू कर दिया और अन्ततः अमृतसर जिले के तरन-तारन के हरसरन सिंह नामक एक आतंकवादी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उस आतंकवादी ने बताया कि उसके दो साथी चुराई गई एक जीप में भाग गए है। दोनों अधिकारियों ने तत्काल आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया।

तीन घन्टे तक पीछा करने के बाद अन्ततः सर्वश्री राम कुमार और राजपाल सिंह खूंखार आतंकवादियों के आमने-सामने आ पहुंचे। दोनों अधिकारी अपने वाहनों से कूद पड़े और आतंकवादियों से भिड़ गए तथा उन्हें पकड़ लिया। बाद में आतंकवादियों की तरन-तारन के बहादुर सिंह और राजिन्द्र सिंह के नाम से पहचान की गई। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे केवल दरयापुर के 36 बस यात्रियों की हत्या-काण्ड के मामले में ही अन्तर्ग्रस्त नहीं बल्कि हत्या और डकैती के अन्य मामलों में भी अन्तर्ग्रस्त हैं।

इस मुठभेड़ में श्री राम कुमार, उप-पुलिस अधीक्षक तथा श्री राजपाल सिंह, पुलिस निरीक्षक (अब पुलिस उप-अधीक्षक), ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 10 नवम्बर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 88-प्रेज/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री किशन चन्द,
सहायक कमांडेण्ट,
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
अजनाला।

श्री शम्भु प्रसाद,
कांस्टेबल सं० 851290217,
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
अजनाला।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

29 जून, 1988 को दिन के लगभग 1.45 बजे सूचना प्राप्त हुई कि हथियारों लैस उग्रवादी सुखविन्दर सिंह को उसके साथी सहित गांव दयाल भारंग में घूमते हुए देखा गया है। श्री किशन चन्द, सहायक कमांडेण्ट, 24वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने गांव को घेरने की योजना बनाई और वे छिपने के संदेहास्पद स्थानों की खोजबीन करने चले गए। पुलिस दल जब दाल की फसल के खेतों के पास पहुंचा तो उन पर आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की। उन्होंने तुरन्त फसल की आड़ ली जिससे जानहानि होने से बची। इसके बाद लगभग पांच मिनट तक गोलीबारी होती रही और आतंकवादी पीछे हटने लगे। भागने के प्रयास को विफल करने के लिए, श्री किशनचन्द और कांस्टेबल शम्भु प्रसाद ने अपना मोर्चा छोड़ा और उन्हें घेरे में लेने के लिए बिना उन्हें पता लगे तेजी से आगे बढ़े। वे फसल में से पीछे हटते हुए आतंक-

वादियों से आगे निकल गए और उन्होंने एक प्राकृतिक आड़ के पीछे मोर्चा लिया तथा आतंकवादियों के आने का इन्तजार करने लगे। जब वे लेटकर उनका इन्तजार कर रहे थे तो उन्होंने दो आतंकवादियों को धान की फसल से बाहर निकलते हुए देखा। इससे पहले कि श्री किशन चन्द उन्हें आत्म समर्पण करने के लिए चेतावनी देते, आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर गोलियां चला दीं। सर्वश्री किशन चन्द और शम्भु प्रसाद ने झुककर आड़ ली और अपने आप को बचाया। इससे पहले कि आतंकवादी दुबारा गोली चलाते श्री किशन चन्द और कांस्टेबल शम्भु प्रसाद ने अपने हथियारों से तेजी से इकट्ठे गोलियां चलाई और दोनों आतंकवादियों को घटना स्थल पर ही मार गिराया। मृत आतंकवादियों की बाद में शिनाख्त होने पर पता चला कि वे सुखविन्दर सिंह और हरजीत सिंह थे, जिनकी पुलिस को कई अधन्य अपराधों के मामलों में तलाश थी।

इस मुठभेड़ में श्री किशन चन्द, सहायक कमांडेन्ट और श्री शम्भु प्रसाद, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29 जून, 1988 से दिया जाएगा।

सं० 89-प्रेज/89—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री के० डी० यादव,
पुलिस उप-निरीक्षक,
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

श्री लक्ष्मण सिंह,
कांस्टेबल संख्या 740240365,
24वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2 अक्तूबर, 1987 को सायं लगभग 5 बजे, सहायक कमांडेंट (आपरेशन) तथा पुलिस उप-अधीक्षक, अजनाला, राजा सांसी में रामलीला की सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख करने जा रहे थे। उनके पास यह सूचना थी कि आतंकवादी रामलीला जलूस पर एक बड़ा आक्रमण करने की योजना बना रहे हैं। रास्ते में उन्हें दो व्यक्तियों से यह सूचना दी कि आटोरिक्शा में जाते हुए तीन पुलिस जवानों को ग्राम सुलानांगल के निकट धान के खेत में आतंकवादियों ने मार डाला है। दोनों अधिकारी घटना स्थल की ओर गए और पूछताछ के बाद उन्हें पता चला कि आक्रमणकारी नहर के साथ होते हुए ग्राम कोहाली की ओर चले गए हैं। उन्होंने ग्राम सुलानांगल से ग्राम कोहाली और ख्याला की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर नाकाबंदी के लिए सभी पुलिस चौकियों को सचेत कर दिया।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 24वीं बटालियन की चैनपुरा चौकी के उप-निरीक्षक श्री के० डी० यादव, कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह तथा चार अन्य कार्मिकों सहित नाकाबंदी करने लिए के ग्राम कोहाली की ओर चल दिए। राह में एक ग्रामवासी ने उन्हें बताया कि उसने पांच सशस्त्र आतंकवादियों को लाहौर नहर के साथ-साथ कोहाली ग्राम की ओर जाते देखा है। श्री यादव ने आतंकवादियों का पीछा करने के बजाय लाहौर नहर के पुल से 500 मीटर की दूरी पर नाकाबंदी करने का निर्णय लिया और आतंकवादियों के आने की प्रतीक्षा की।

सायं 6 बजे के करीब उन्होंने वहां पांच आतंकवादियों को लाहौर नहर के साथ-साथ कोहाली ग्राम की तरफ से आते देखा। श्री यादव ने तुरन्त अपने साथियों को पोजीशन लेने को कहा और साथ ही आतंकवादियों को रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। इस पर, आतंकवादियों ने शाल में छिपाये हुए अपने-अपने शस्त्रों को निकाल लिया और पुलिस दल पर गोलियां चला दीं। इसके उपरान्त काफी भीषण गोला-बारी हुई जो कि लगभग आधे घंटे तक चली। उनमें से एक आतंकवादी बाईं ओर को गया और ए० के० 47 चीनी एसाल्ट राईफल से लेज गोलाबारी करके पुलिस को अपने निकट नहीं आने दे रहा था। आतंकवादी द्वारा पैदा की गई इस कड़ी रुकावट को दूर करने की दृष्टि से श्री यादव ने कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह को आदेश दिया कि वह अपनी बाईं ओर जाए और उस आतंकवादी का ध्यान उस ओर आकर्षित कर उसे व्यस्त रखे जिससे वे स्वयं आतंकवादी के करीब जा कर और घातक वार कर सकें। जैसे ही कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह अपनी बाईं ओर बढ़े, आतंकवादी ने उन पर भीषण गोलाबारी की। इससे अविचलित होकर तथा अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना वे तब तक रेंगते रहे जब तक कि उस उपर्युक्त स्थान पर नहीं पहुंच गए, जहां से वे प्रभावकारी ढंग से गोलीबारी करके आतंकवादी को व्यस्त रख सकें। नये स्थान से गोली चलाए जाने से आतंकवादी का ध्यान बंट गया। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री यादव, खड़ी फसल के बीच से रेंगते हुए आगे बढ़े। जब उन्हें इस बात का विश्वास हो गया कि वे अब आतंकवादी पर ठीक निशाना लगा सकते हैं तो उन्होंने अपने पिस्तौल से जल्दी-जल्दी चार गोलियां चला कर आतंकवादी को घटना स्थल पर ही मार डाला। मृत आतंकवादी की बाद में चमियारी गांव के सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा पण्डित के रूप में पहचान की गई, जो बहुत से बेगुनाह लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार था। तथापि, शेष चार आतंकवादी खड़ी फसल तथा बड़ी-बड़ी घास की आड़ लेकर भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में श्री के० डी० यादव, पुलिस उप-निरीक्षक तथा श्री लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 अक्तूबर, 1987 से दिया जाएगा।

सं० 90-प्रेज/89—राष्ट्रपति नागालैंड पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री एच० के० सेमा,
पुलिस उप-निरीक्षक,
डी० ई० एफ०,
दीमापुर।

श्री हस्तो सेमा, (मरणोपरान्त)
हवलदार, प्रथम बटालियन,
एन० ए० पी०,
चुमूकी दीमा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

यह सूचना प्राप्त हुई कि एन०एस०सी०एन० के कुछ यू० जी० गड़बड़ी फैलाने के लिए शहर में उपस्थित हैं। यह बताया गया कि यू० जी० जीप संख्या एन०एल०के०—1460 का प्रयोग कर रहे हैं। अतः खोजी दस्ता शहर के विभिन्न स्थानों पर उस वाहन की खोज कर रहा था लेकिन वाहन का पता नहीं लग सका।

22 फरवरी, 1985 को खोजी दस्ते को पुनः संगठित किया गया और उन्होंने दीमापुर शहर के विभिन्न स्थानों पर गहन खोजबीन की। वाहन, जिसमें 4 व्यक्ति बैठे हुए थे, का पता प्लाजा के नजदीक पुलिस प्वाईन्ट पर लगा और उन्हें आगे पूछताछ करने के लिए वाहन के साथ पुलिस थाने ले जाया गया। पूछताछ करने पर यह पता लगा कि कुछ यू०जी० तत्व दीमापुर से लगभग 10 किलोमीटर दूर लोटोवी गांव में छिपे हुए हैं।

सर्वश्री नब्बो लोथा और एस०एस० अहलूवालिया, पुलिस निरीक्षक (हव० हस्तो सेमा प्रथम एम०ए०पी० और एच०के०सेमा, उप-निरीक्षक सहित) के संयुक्त कमान्ड में एक पुलिस दल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 14वीं बटालियन के एक सैक्शन के साथ 23 फरवरी, 1985 को प्रातः लगभग 4.30 बजे लोटोवी गांव पहुंचा और यू०जी० के घरों को घेर लिया और उनसे कहा कि वे हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दें। यू०जी० ने आत्मसमर्पण करने के बजाय चीन-निर्मित हथगोले फैंके और पुलिस दल पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करनी शुरू कर दी। इसके परिणामस्वरूप हवलदार हस्तो-सेमा गोली लगने से मर गए और उप-निरीक्षक एच० के० सेमा का पांव और बाजू, गोली लगने से जख्मी हो गये। पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलायीं और एस०एस० ले० कर्नल हहोसी सेमा, एस०एस० सिपाही सेंगलो रेंजमा और एस०एम० प्रा० मेनविंग कोनयाक को मारने में सफल हुए। उनमें से चार गोली लगने से जख्मी होने पर विभिन्न दिशाओं में भागने में सफल हो गए। पुलिस मुठभेड़ के स्थान से बड़ी मात्रा में चीनी हथियार, गोलाबारूद इत्यादि बरामद किए गए।

इस मठभेड़ में श्री एच० के० सेमा, पुलिस उप-निरीक्षक और श्री हस्तो सेमा, हवलदार ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहें हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 फरवरी, 1985 से दिया जाएगा।

सं० 91-प्रेज/89—राष्ट्रपति नागालैंड पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री एस० एस० अहलूवालिया,
पुलिस निरीक्षक,
डी० ई० एफ०,
दीमापुर।

श्री नब्बो लोथा,
पुलिस निरीक्षक,
डी० ई० एफ०
दीमापुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

यह सूचना प्राप्त हुई कि एन०एस०सी०एन० के कुछ यू०जी० गड़बड़ी फैलाने के लिए शहर में उपस्थित हैं। यह बताया गया कि यू०जी० जीप संख्या एन०एल०के०—1460 का प्रयोग कर रहें हैं। अतः खोजी दस्ता शहर के विभिन्न स्थानों पर उस वाहन की खोज कर रहा था लेकिन वाहन का पता नहीं लग सका।

22 फरवरी, 1985 को खोजी दस्ते को पुनः संगठित किया गया और उन्होंने दीमापुर शहर के विभिन्न स्थानों पर गहन खोजबीन की। वाहन, जिसमें 4 व्यक्ति बैठे हुए थे, का पता प्लाजा के नजदीक पुलिस प्वाईन्ट पर लगा और उन्हें आगे पूछताछ करने के लिए वाहन के साथ पुलिस थाने ले जाया गया। पूछताछ करने पर यह पता लगा कि कुछ यू०जी० तत्व दीमापुर से लगभग 10 किलोमीटर दूर लोटोवी गांव में छिपे हुए हैं।

सर्वश्री नब्बो लोथा और एस०एस० अहलूवालिया पुलिस निरीक्षक (हव० हस्तो सेमा, प्रथम एम०ए०पी० और एच० के० सेमा, उप-निरीक्षक सहित) के संयुक्त कमाण्ड में एक पुलिस दल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल बल की 14वी बटालियन के एक सैक्शन के साथ 23 फरवरी, 1985 को प्रातः लगभग 4.30 बजे लोटोवी गांव पहुंचा और यू०जी० के घरों को घेर लिया और उनसे कहा कि वे हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दें। यू० जी० ने आत्मसमर्पण करने के बजाय चीन-निर्मित हथगोले फैंके और पुलिस दल पर स्वचालित हथियारों से गोला-बारी शुरू कर दी। इसके परिणामस्वरूप हवलदार हस्तो सेमा गोली लगने से मर गए और उप-निरीक्षक एच० के० सेमा का पांव और बाजू, गोली लगने से जख्मी हो गए। पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलायीं और एस० एस० लै० कर्नल हहोमी सेमा, एस०एस० सिपाही सेंगलो रेजमा और एस०एम० प्रा० मेनविंग के नायक को मारने में सफल हुए। उनमें से चार गोली लगने से जख्मी होने पर विभिन्न दिशाओं में भागने में सफल हो गए। पुलिस मुठभेड़ के स्थान से बड़ी मात्रा में चीनी हथियार, गोलाबारूद इत्यादि बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री एस०एस० अहलूवालिया, पुलिस निरीक्षक, और श्री नब्बो लोथा, पुलिस निरीक्षक ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23 फरवरी, 1985 से दिया जाएगा।

सं० 92-प्रेज/89—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री सर्वदीप सिंह विर्क,
पुलिस उप-महानिरीक्षक,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
जालन्धर।

श्री नन्द लाल,
कमाण्डेन्ट,
49वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
अमृतसर।

श्री रमेश चन्द्र सेठी,
सहायक कमाण्डेन्ट,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,
जालन्धर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

9 मई, 1988 को 12.30 बजे अपराह्न केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नियंत्रण कक्ष में यह सूचना मिली कि स्वर्ण मन्दिर परिसर के बाहर "प्रसाद प्वाइन्ट" के निकट एक दीवार का अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। यह उस किलेबंदी का भाग था जो कि पिछले कुछ सप्ताहों से स्वर्ण मन्दिर परिसर में की जा रही थी। इस अवैध निर्माण करने का उद्देश्य यह था कि साथ के तीन मंजिले खाली भवन में पहुंचा जा सके, जिससे आतंकवादी परिसर के बाहर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की चौकी पर आसानी से आक्रमण कर सकें।

स्वर्ण मन्दिर के निकट तैनात 49वीं बटालियन के कमान्डेन्ट श्री नन्द लाल ने इस बारे में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री सर्वदीप सिंह विर्क को सूचना दी जो अपने स्टाफ अधिकारी, श्री रमेश चन्द्र सेठी, सहायक कमांडेन्ट और वरिष्ठ पुलिस

अधीक्षक, अमृतसर के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। श्री नन्द लाल और अमृतसर (शहर) के पुलिस अधीक्षक भी उनके साथ शामिल हुए। वहां पहुंचने पर इन अधिकारियों ने देखा कि आपत्तिजनक निर्माण कार्य हो रहा है। जब निर्माण कार्य को रोकने के प्रयास विफल हो गए, तो पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को आंशिक रूप से निर्मित दीवार को गिराने के आदेश दिए गए। जैसे ही दीवार गिराने का कार्य आरम्भ हुआ, पुलिस दल को आड़ में जाने का समय दिए बिना आतंकवादियों ने स्वर्ण मन्दिर परिसर के भीतर से स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोलियां चलाईं। गोलीबारी के दौरान श्री सर्वदीप सिंह विर्क गम्भीर रूप से घायल हो गए। यद्यपि, श्री विर्क घायल हो गए थे, फिर भी उन्होंने अपना व्यक्तिगत हथियार निकाला और अपने स्थान से आतंकवादियों को व्यस्त रखा, जिससे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और पंजाब पुलिस के अधिकारियों और जवानों को भी जवाब में गोली चलाने का मौका मिल गया।

श्री नन्द लाल, कमाण्डेन्ट और श्री रमेश चन्द्र सेठी, सहायक कमाण्डेन्ट ने जो श्री विर्क के समीप ही खड़े थे, अपनी जान की चिंता न करते हुए तुरन्त श्री विर्क को ओट में लिया और अपना स्थान बदल कर अपने हथियारों से आतंकवादियों को बड़ी निपुणता से व्यस्त रखा, जिसके परिणामस्वरूप श्री विर्क को कोई और चोट नहीं लगने दी। इन अधिकारियों के प्रयासों के फलस्वरूप श्री विर्क ऐसे सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए, जहां आतंकवादियों की गोलियां नहीं पहुंच सकती थीं। गोलियां चल रही थीं, इसलिए श्री विर्क को अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ गोलीबारी के बीच बच-बच कर तथा भागते हुए निकलना पड़ा। आतंकवादियों के स्वचालित हथियारों से भारी गोली-बारी का सामना करते हुए सर्व श्री नन्द लाल और आर०सी० सेठी तथा अन्य अधिकारियों ने भी बचाव में गोलियां चलाईं। भारी गोली-बारी के कारण सड़कों पर कोई वाहन अथवा कोई व्यक्ति उपलब्ध नहीं था, इसलिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किसी व्यक्ति से स्कूटर की व्यवस्था की और श्री विर्क को चिकित्सा सहायता के लिए एस०जी०टी० बी० हस्पताल ले गए।

जब श्री विर्क को वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया तो सब श्री नन्द लाल, आर०सी० सेठी तथा अन्य अधिकारियों ने स्वर्ण मंदिर परिसर के चारों ओर विभिन्न स्थानों पर मोर्चा बांधा और विभिन्न युक्तियों को अपनाते हुए निडर होकर अपनी जान जोखिम में डालकर उन्होंने आतंकवादियों को पूरी तरह काबू में रखा, जिससे गलियों और दुकानों में फंसे हुए सैकड़ों नागरिकों को गोलीबारी वाले स्थान से सुरक्षित आगे निकालने में मदद मिली।

श्री सर्वदीप सिंह विर्क, पुलिस उप-महानिरीक्षक, श्री नन्द लाल, कमांडेंट तथा श्री रमेश चन्द्र सेठी, सहायक कमांडेन्ट ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 9 मई, 1988 से दिया जाएगा।

सु० नीलकण्ठन, निदेशक

तकनीकी विकास महानिदेशालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 नवम्बर 1989

संकल्प

सं० ए० सी०/पैनल/89—भारत सरकार ने एस्बेस्टोस उत्पाद उद्योग की विकास सामिका, जिसका पुनर्गठन दिनांक 23-12-87 के संकल्प संख्या ए०सी० /पैनल/87—के अनुसार किया गया था, की अवधि 17 सितम्बर, 1989 से दो वर्ष की और अवधि के लिए बढ़ाने का निर्णय किया है जिसकी संरचना निम्न प्रकार है :—

1. श्री एन० विश्वनाथ उप-महानिदेशक तकनीकी विकास महानिदेशालय, उद्योग भवन, नई दिल्ली।	अध्यक्ष
2. श्री आर० खेमका, अध्यक्ष, मै० हैदराबाद इन्डस्ट्रीज लि०, सनतनगर, हैदराबाद-500018	सदस्य
3. श्री अमर सिंह, प्रबन्ध निदेशक, मै० हिन्दुस्तान फैडरोडो लि०, घाटकोपर, बम्बई-400086	,,
4. श्री एस० गनपती, महाप्रबन्धक, मै० रामको इन्डस्ट्रीज लि०, चोडिया मैन्शन, 739, अन्ना सलाय, मद्रास।	,,
5. श्री श्रीनिवास आईयर, प्रबन्ध निदेशक मै० एवेरेस्ट बिल्डिंग प्रोडक्टस लि०, अशोक भवन, छठी एवं सातवीं मंजिल 93 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019	,,
6. श्री बी० एस० ठक्कर, अध्यक्ष, मै० श्री दिगविजय सीमेंन्ट प्रा० लि०, पी० ओ० दिगविजय, अहमदाबाद-382470।	,,
7. श्री जे० एन० तलवार, प्रबन्ध निदेशक मै० रीज तालक्राम प्रा० लि० 19 लोनी इन्डस्ट्रियल एरिया, मोहननगर गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)	,,
8. श्री एस० आर० गुप्ता, महा प्रबन्धक, एम० एस० टी० सी० एक्सप्रेस बिल्डिंग, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली	,,
9. इंडियन ब्यूरो आफ माईन्स का एक प्रतिनिधि न्यू सचिवालय बिल्डिंग नागपुर	,,
10. विकास आयुक्त लघु उद्योग) का एक प्रतिनिधि, निर्माण भवन, नई दिल्ली।	,,
11. श्री जे० सेनगुप्ता, संयुक्त निदेशक राष्ट्रीय भवन संगठन, शहरी विकास मन्त्रालय "बी" विंग निर्माण भवन, नई दिल्ली	,,
12. श्री आर० एम० जोशीदार, निदेशक उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक विकास विभाग उद्योग भवन, नई दिल्ली	,,
13. श्री अभिलाष तायल, प्रबन्ध निदेशक, मै० यू० पी० एस्बोस्टोस लि० अहमदाबाद एस्टेट, बिल्डिंग हजारीगंज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	,,

14. श्री एच०एन० गुप्ता, डी०जी०एफ०ए०एस०एल०आई० — सदस्य
केन्द्रीय श्रम संस्थान बिल्डिंग
एन० एस० मानीकर मार्ग, सायन, बम्बई

15. डा० एस० के० दवे, सहायक निदेशक — ,,
नेशनल इंस्टीटयूट आफ आक्यूपेशनल हैल्थ
मेघानी नगर, अहमदाबाद

16. इन्डस्ट्रीयल टाक्सीकलाजी रिसर्च सेन्टर — ,,
महात्मा गांधी मार्ग,
पो० बी० सं० 80, लखनऊ

17. श्री के०एस० कृष्णास्वामी, कार्यकारी निदेशक — ,,
मै० थाने बैक लाइनिंग्स लि०,
प्लाट नं०: 30, इन्डस्ट्रियल एस्टेट,
अम्बातूर, मद्रास—600058

18. विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग का एक प्रतिनिधि — ,,
टेक्नालाजी भवन, न्यू मेहरोली रोड,
नई दिल्ली।

19. श्री के० बी० रामशेषण, प्रबन्ध निदेशक, — ,,
मै० विसाका एस्बेस्टास सीमेन्ट प्रोडक्टस लि०,
6—3—1989/सी, गुलमोहर सोमोजागीदो
हैदराबाद—500482

20. श्री पी० एल० पटेल, निदेशक — ,,
मै० स्वास्तिक इन्डस्ट्रियल स्वास्तिक हाऊस,
39/पी/जवाहरलाल मार्ग, अप्सरा सिनेमा के सामने
पूना—411037

21. मै० ऐस्बेस्टोज सीमेंट उत्पाद मैन्युफेक्चरस एसोसियेशन — ,,
के प्रतिनिधि, द्वारा एस्बेस्टोज सूचना केन्द्र,
401, पदमा पैलेस 87, नेहरू प्लेस,
नई दिल्ली—110019।

22. कार्यपालक निदेशक — ,,
एस्बेस्टोज सूचना केन्द्र,
401, पदमा पैलेस—86 नेहरू प्लेस
नई दिल्ली—110019।

23. श्री पी० के० जैन, विकास अधिकारी, — सदस्य सचिव
ल० वि० म० नि० उद्योग भवन,
नई दिल्ली।

समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :—

1. ऐसबेस्टास सीमेंट उत्पाद और गैर सीमेंट ऐस्बेस्टस उत्पाद उद्योग की वर्तमान विकास स्थिति की समीक्षा करना, इसके त्वरित विकास के लिए उपाय सुझाना।

2. उद्योग में प्रयुक्त प्रोद्योगिकी के स्तर का मूल्यांकन करना और प्रोद्योगिकी एवं किस्म उत्थान सहित भावी अनुसन्धान एवं विकास गतिविधियों की मांग का पता लगाना।

3. ऐस्बेस्टास उद्योग में स्वास्थ्य संकट निवारण पर उपलब्ध मानकीकरण का अध्ययन करना और भारतीय मानक संस्थान के परामर्श से मानकीकरण हेतु विशेष कार्यक्रम बनाना।

4. उपभोग के वर्तमान मानदण्डों का मूल्यांकन करना और सामग्री संरक्षण, पुन: प्रयोग एवं ऊर्जा संरक्षण के जरिए छीजन कम करने के उपाय सुझाना।

5. विभिन्न ऐस्बेस्टस उत्पादों की राज्यवार/क्षेत्रवार मांग के बारे में अध्ययन करना तथा अधिक क्षमता के लिए सुझाव देना।

6. ऐस्बेस्टस सीमेंट उत्पाद और गैर सीमेंट ऐस्बेस्टस उद्योग में प्रतिस्थापना की संभावनाओं के बारे में विचार करना और निरन्तर आर० एण्ड डी० प्रयासों से समान तकनीक या अन्य सदृश उत्पादों की आर्थिक रूप से जीव्यता और कम संकटमय तरीकों का विकास करना।

7. इस उद्योग के लिए निर्यात की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना निर्यात संवर्धन के लिए अपेक्षित समुचित कदम और अनुवर्ती कार्यवाही करना, जिसमें प्रोत्साहन की वर्तमान नीति अग्रिम लाइसेंस के लिए शुल्क बोध, नकद प्रतिपूर्ति सहायता, कच्चे मालों आदि का मूल्यांकन करना शामिल है।

8. खानों और फैक्टरियों में संकट पर नियंत्रण रखने के लिए मानीटर निगरानी एवं कन्ट्रोल उपस्करों की वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना और अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के मांग के अनुरूप आर्थिक जीवंतता संबंधित उपायों के बारे में सुझाव देना।

9. ए० सी० उत्पादन हेतु विशेष किस्म का सीमेंट और अन्य सामग्रियों का शक्ति एवं अन्य प्रचालन आवश्यकताओं के अनुसार विकास करना।

10. उद्योगों के आधुनिकीकरण के उपायों पर विचार करना।

11. कोई अन्य उपयुक्त विषय।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी संबंधितों को संचारित की जाए।

मदन मोहन, निदेशक (प्रशासन)

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 10 नवम्बर 1989

सं० ए—12018/3/86—कारखाना/आई० एस० एच०—I—राष्ट्रपति, कारखाना सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय, बम्बई में निम्नलिखित पदों को तत्काल प्रभाव से दोबारा पदनामित करते हैं :—

मौजूदा पदनाम वेतनमान सहित	संशोधित पदनाम वेतनमान सहित
1. उप निदेशक इंजीनियर) (3000—4500 रुपए, समूह "क") 2. उप निदेशक (डाक सुरक्षा) (3000—4500 रुपए समूह "क")	(उप निदेशक सुरक्षा) (रुपए 3000—4500, समूह "क")
3. सहायक निदेशक (इंजीनियरी) (2200—4000 रुपए, समूह "क") 4. सहायक निदेशक (डाक सुरक्षा) (रुपए 2200—4000, समूह "क") 5. सहायक निदेशक (वास्तुशिल्प) (रुपए 2200—4000, समूह "क") 6. सहायक निदेशक (टैक्सटाइल), (रुपए 2200—4000, समूह "क")	सहायक निदेशक (सुरक्षा) (रुपए 2200—4000, समूह "क")
7. अतिरिक्त सहायक निदेशक (डाक सुरक्षा) (रुपए 2000-3500, समूह "ख") 8. अतिरिक्त अनुसन्धान अधिकारी (इंजीनियरी), (रुपए 2000—3500, समूह "ख")	अतिरिक्त सहायक निदेशक सुरक्षा) (रुपए 2000—3500, समूह "ख")

आर० टी० पाण्डेय, उप सचिव

PRESIDENTS SECRETARIAT

New Delhi, the 25th November 1989

No. 83-Pres./89.—The President is pleased to award the President's Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Jammu & Kashmir Police :—

Name and rank of the Officer

Shri Abdul Rashid,
Constable No. 2445/S,
(now Sub-Inspector),
District Srinagar.

STATEMENT OF SERVICES FOR WHICH THE DECORATION HAS BEEN AWARDED

